>

Title: Request the government to provide compensation to farmers for their crop loss while installing electricity transmission lines.

**श्री मलूक नागर** (**बिजनौर**): सर, आज देश का किसान बहुत परेशान है । आज बिजली विभाग भारत सरकार और प्रदेश सरकार दोनों से बहुत परेशान है । पूरे देश में जितनी भी बिजली की लाइन्स हैं, तार हैं, वे सभी पुराने हो गए हैं, गल गए हैं । वे टूट जाते हैं, लेकिन उनको बिजली का बिल देना पड़ता है । वे अपनी फसल को पानी नहीं दे पाते हैं फिर भी उनको बिल देना पड़ता है । वे इस बात से परेशान हैं । दूसरा विषय यह है कि अगर किसी का टाउनशिप का प्रोग्राम है, किसी की इंडस्ट्री लग रही है या कहीं पर कोई और सरकारी विभाग आ जाता है तो वे किसानों के खेतों में बिजली की लाइन खींच देते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि चाहे कोई भी डिपार्टमेंट हो, चाहे 11 हजार वोल्ट की लाइन हो या 33 हजार वोल्ट की लाइन हो, जब वे किसानों के खेतों से लाइनें निकालें तो उनकी एनओसी ली जाए और अगर उनकी फसल नष्ट हो तो उनको मुआवजा भी दिया जाए । वहां से 11 हजार या 33 हजार वोल्ट की लाइन निकालें या उनकी भूमि का अधिग्रहण करें तो उनको मुआवजा दिया जाए । किसान के साथ न्याय होना चाहिए ।